लापरवाही | दुर्घटना होने का डर

# लिंक रोड के किनारे उगी झाड़ियां सड़कों तक पहुंची



सड़कों पर झूलती पेड़ों की डगाल



सड़क के किनारे जमा सूखे पेड़ पौधों का कचरा

**जबलपुर, नवभारत।** मदन महल स्टेशन से लिंक रोड होकर विजय नगर की ओर जाने वाले मार्ग के बगल में लगे पेड़ पौधे अब बड़े होकर सड़को तक पहुंच गए है। बड़े बड़े कटीले पेड़ों की बारिश के बाद कटिंग नहीं होने से वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं। हालात ये हैं कि सड़क के किनारे लगे पेड़ों की वजह से वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लिंक रोड के किनारे बारिश के बाद अब कटीले पेड़ पौधे उग आए हैं, इन पेड़ पौधों की अधिकारियों व कर्मचारियों ने लंबे समय से साफ-सफाई नहीं कराई है। इससे यह पेड़ पौधे बड़े हो गए हैं। इसके चलते वाहन चालकों को मोड़ पर पेड़ पौधों के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते हैं। इससे हादसे की आशंका रहती है। सड़क किनारे लगे पेड़ पौधे के कारण वाहन चालकों को सबसे अधिक रात के समय होती है।

### सड़क किनारे छोड़ दिया कचरा

नगर निगम द्वारा की गई लिंक रोड की सफाई के बाद सूखे पेड़ पौधे का कचरा वही छोड़ दिया गया है। यह कचरा हवा के साथ सड़को पर इधर उधर फैल रहा है। जिसके चलते पूरी सड़को पर सूखे पेड़ पौधे बिखरे रहते है।

## तालाब में डूबने से महिला की मौत

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अंतर्गत लालबाबा मंदिर के पास स्थित तालाब में डूबने से एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी । मृतिका की किन परिस्थितियों में डूबने से मौत हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस हत्या, आत्महत्या और हादसे के एंगल पर छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक अजय मिश्रा 30 वर्ष निवासी धनवंतरीनगर ने सूचना दी कि वह मेडिकल कॉलेज में गार्ड की नौकरी करता है उसके घर के पास लालबाबा मंदिर एवं तालाब है। दोपहर लगभग 12 बजे लालबाबा मंदिर दर्शन करने गये थे। तभी देखा कि एक महिला का शव पानी में उतरा रहा है। उसकी मौत कैसे हुई इसका पता नहीं चल सका।

# सड़क पर फैली गंदगी, दुर्गंध के बीच सांस लेना मुश्किल



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के श्रीनाथ की तलैया में स्थित सेनेटरी मार्केट के सामने मुख्य सड़क पर कचरा फैला हुआ है, जिससे आसपास गंदगी का माहौल बना हुआ है। सड़क पर पड़े कचरे से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है, वहीं बदबू और मच्छरों का भी खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर कचरा उठान नहीं होने से स्थिति बिगड़ती जा रही है। लोगो ने नगर निगम से जल्द सफाई कर कचरा उठाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे।

### कचरा गाड़ियों का अता पता नहीं.....

जानकारों कि माने तो बाजार के लोग प्लास्टिक, सब्जी और घरेलू कचरा सड़क के किनारे फेंक दे रहे हैं जो दुकानों तक फैल गया है। वहीं, संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है। सड़क से होकर गुजरने वाले राहगीर नाक बंद करके आते-जाते हैं। कचरे की सड़न से उठ रही दुर्गंध के चलते आसपास के रिहायशी लोगों का जीना मुहाल है। क्षेत्र के रितेश, के पी पांडे ने बताया कि हवा के जरिए कचरे से उठ रही दुर्गंध वातावरण में फैल रही है जिससे रिहायशी घरों में रह रहे लोगों को दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों व राहगीरों ने कचरे के निस्तारण की मांग की है। वही नाम नहीं छापने की शर्त पर एक रहवासी ने बताया कि श्री नाथ की तलैया में कचरा की गाड़ियां नहीं आती है।

# दिवंगत डॉक्टर की बहन पर एफआईआर दर्ज

**आईएमए अध्यक्ष को आपत्तिजनक मैसेज भेजने का मामला**




**नवभारत, जबलपुर ।** मदनमहल थाना अंतर्गत राइट टाउन में रहने वाली एक 81 वर्षीय महिला डॉक्टर की प्रॉपर्टी विवाद के बाद हुई मौत के बाद उनके मोबाइल नंबर से आईएमए अध्यक्ष को आपत्तिजनक, अपशब्दों भरे मैसेज पहुंचने के मामले में पुलिस ने दिवंगत डॉक्टर की बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

विदित हो कि प्रेम मंदिर के पास राइट टाउन में रहने वाली बुजुर्ग महिला डॉ हेमलता श्रीवास्तव के पति महेश श्रीवास्तव और बेटे की मौत हो गई थी। इसके बाद से उनकी तबियत बिगड़ गई थी। करोड़ों की प्रॉपर्टी पर दान व वसीयत में दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। डॉ.हेमलता श्रीवास्तव को 7 जनवरी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 15 फरवरी को डॉक्टर हेमलता की मौत हो गई थी। लंबी जांच पड़ताल मदन महल पुलिस ने कलेक्टर के आदेश और एसडीएम के प्रतिवेदन के आधार पर डॉ सुमित जैन और प्राची जैन के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया था। जिन्होंने षड्यंत्र रच अस्पताल के नाम पर जमीन हड़पी थी। बल्कि विश्वासघत कर अपने पक्ष में बहुमूल्य भूमि दान कराई थी।

इसके बाद से इंडियन मेडीकल एसोसिएसन जबलपुर अध्यक्ष डॉं ऋषा शर्मा के मोबाइल पर मृत डॉक्टर हेमलता श्रीवास्तव के मोबाइल नंबर से धमकियां मिल रही थी। आपत्तिजनक मैसेज भेजे जा रहे थे। मामले की शिकायत उन्होंने साइबर क्राइम में की थी । लेकिन लगातार मैसेज किए जा रहे थे । डॉं ऋषा शर्मा के मोबाइल पर स्व. हेमलता श्रीवास्तव के मोबाइल से 21 मार्च 2026 की सुबह स आ रहे थे । इसके बाद रविवार 22 मार्च को सुबह 6:8 बजे दूसरा संदेश आया। 24 मार्च को शाम 5:26 बजे तीसरा संदेश आया, जिसमें कड़वाहट और बढ़ गई थी। 25 मार्च 2026 को सुबह 8:01 बजे नवीनतम संदेश आया। 21 मार्च 2026 को ऑनलाइन 1930 पर शिकायत की गई लेकिन संदेश आना जारी रहे। जिससे डॉक्टर डॉं ऋषा शर्मा स्वयं को असुरक्षित, अपमानित महसूस करने लगी और उन्होंने मामले की एफआईआर थान में दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में यह भी बताया कि स्व. डॉ. हेमलता श्रीवास्तव का मोबाइल 27 जनवरी को एन.एस.सी.बी. एम.सी.एच. में भर्ती होने से लेकर 15 फरवरी 2026 को उनकी मौत तक उनके पास नहीं था। डॉ कनकलता मिश्रा ने अपनी व्हाट्सएप बातचीत में खुद को उस मोबाइल की मालिक बताया है। मामले में पुलिस ने कनकलता मिश्रा के खिलाफ पर प्रकरण दर्ज कर लिया है ।



## मूर्तियों से भरा बैग ट्रेन में छूटा, जीआरपी ने किया सुपुर्द

जबलपुर, नवभारत। गत दिवस गुरुवार को जबलपुर जीआरपी कंट्रोल रुम को मिली सूचना अनुसार ट्रेन क्र. 12670 गंगा कावेरी एक्सप्रेस के एम 2 बर्थ नं. 35 पर एक बैग रखा पाया गया जिसमें पूजा से संबंधित भगवान की मूर्तियां आदि थी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी द्वारा बैग को कब्जे में लेकर थाने पहुचे फरियादी तिलक कार्तिक 35 वर्ष निवासी 46/1 विवेकानन्द नगर थाना आपडी जिला चेन्नई तमिलनाडु को सुपुर्द किया गया।

# बड़ी-बड़ी डींगें हांकने में लगा निगम प्रशासन, जमीनी हकीकत बद से बद्तर

**कांग्रेस पार्षद दल ने बैठक में साधा निशाना**



**नवभारत,जबलपुर।** बुधवार को नगर निगम कांग्रेस पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक गोलबाजार स्थित सचेतक कांग्रेस पार्षद दल कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान सचेतक कांग्रेस पार्षद दल अयोध्या तिवारी ने कहा कि नगर निगम सत्ता के महापौर और नगर निगम प्रशासन सफाई व्यवस्था को लेकर बड़ी बड़ी डींगें हाँकने में लगा है जबकि जमीनी हकीकत बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में फैली अराजकता ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि जगत बहादुर सिंह अन्नू साहब के नेतृत्व में नगर निगम में क़ाबिज़ सत्ता और नगर निगम प्रशासन गहरी नींद में सो रहे हैं लेकिन हम उन्हें जगाना जानते हैं। विपक्ष चुप नहीं बैठेगा, हम प्रशासन को आईना दिखाएंगे और जनता के हक की लड़ाई सड़कों पर लड़ेंगे। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू नबी ने कहा कि ना ही वार्ड में कचरा गाड़ी आ रही है, ना ही जगह-जगह गंदगी के लगे अंबार उठाए जा रहे हैं और सफाई के नाम पर तो सिर्फ खानापूर्ति हो रही है जिससे बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। हम जनता की इस पीड़ा को प्रशासन तक पहुँचाने और व्यवस्था में सुधार लाने के लिए संकल्पित हैं।

### आने वाले दिनों में होगा आंदोलन


सचेतक अयोध्या तिवारी ने इस मौके पर कहा कि हम बहुत जल्द एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं और नवरात्रि के ठीक बाद इस आंदोलन का आग़ाज़ किया जायेगा। इसी संदर्भ में आज की ये रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू नबी, पार्षद संतोष दुबे, अदिति अतुल बाजपेयी, रितू राजेश यादव, हर्षित यादव, सतेन्द्र गुड्डा चौबे, अनुपम जैन, राकेश पांडे, प्रमोद पटेल, गार्गी रामकुमार यादव, लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, गुड्डू तामसेतवार, विनोद पटेल लोधी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### परितोष त्रिवेदी कोर्ट कमिश्नर नियुक्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला अधिवक्ता संघ सीधी के चुनाव का विवाद सुलझाने के लिए हाईकोर्ट बार जबलपुर के सचिव परितोष त्रिवेदी को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने कोर्ट कमिश्नर को मामले का निराकरण कराने के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल सीधी जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित सचिव रविंद्र कुमार गौतम ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि चुनाव के बाद वहां के अध्यक्ष द्वारा उन्हें प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है। दलील दी गई कि उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। हाईकोर्ट ने श्री त्रिवेदी को कमिश्नर नियुक्त करते हुए उन्हें अधिकृत किया है कि वो 31 मार्च को सीधी अधिवक्ता संघ जाकर निर्वाचित सचिव को प्रभार और जरूरी दस्तावेज दिलाएं। कोर्ट ने संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिए कि वे कार्रवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर का पूरा सहयोग करें। परितोष त्रिवेदी ने कोर्ट के समक्ष स्वेच्छा से जाहिर किया कि वे इस पूरी प्रक्रिया के लिए कोई भी फीस नहीं लेंगे। कोर्ट ने उक्त निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

### केबिन कैफे कल्चर में अश्लील गतिविधियों के आरोप



**नवभारत,जबलपुर।** शहर में तेजी से बढ़ रहे केबिन कैफे कल्चर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की शहर अध्यक्ष शोभा उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि इन कैफों में निजता के नाम पर अश्लीलता और अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अध्यक्ष के अनुसार, विजय नगर और बरगी क्षेत्र में संचालित कई कैफों में छोटे-छोटे केबिन बनाकर प्रेमी जोड़ों को स्थान दिया जा रहा है, जहां हुक्का पार्टी और अन्य संदिग्ध गतिविधियां भी चल रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ कैफों में युवतियों और नाबालिगों के साथ दुराचार के मामले सामने आए हैं, जबकि कई जगह मोबाइल से वीडियो बनाकर बाद में ब्लैकमेलिंग की घटनाएं भी हुई हैं। शोभा उपाध्याय ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कैफे संचालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई कर उन्हें बंद कराया जाए, अन्यथा संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

### सिद्धघाट पर मिली महिला की लाश

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट स्थित सिद्धघाट के पास एक अज्ञात महिला का शव पानी में उतराता हुआ मिला, जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार गोविंद वर्मन निवासी पुराने थाने के सामने, वर्मन मोहल्ला ने पुलिस को सूचना दी कि सिद्धघाट के आगे नर्मदा जी के पानी में एक महिला का शव तैर रहा है। सूचना मिलते ही ग्वारीघाट पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए शव को पानी से बाहर निकलवाया। मृतक महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष है। पुलिस मर्ग कायम कर शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

### छात्र से मोबाइल लूटा

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर में बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने एक स्कूली छात्र को अपना निशाना बनाया और उसका मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए। जानकारी के अनुसार, शिव आराध्य बिहार कॉलोनी में रहने वाला बालकृष्ण कोरी कक्षा 10वीं का छात्र है बीती रात करीब 8 :50 बजे खाना खाने के बाद रजिस्ट्री कार्यालय के पास टहल रहा था। छात्र अपने मोबाइल पर बात करने में मग्न था, तभी एक प्लैटिना मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवक वहां पहुँचे। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पहले छात्र को क्रॉस किया और फिर सुनसान रास्ता देख यू-टर्न लेकर पीछे से आए। मोटरसाइकिल के बीच में बैठे युवक ने बिजली की फुर्ती से झपट्टा मारकर छात्र के हाथ से मोबाइल छीन लिया। जब तक छात्र शोर मचा पाता, बाइक चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और तीनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर रजिस्ट्री कार्यालय की ओर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**नवभारत, जबलपुर ।** रांझी थाना अंतर्गत आने वाले शोभापुर और सतपुला के बीच गुरूवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय एक अज्ञात बुजुर्ग महिला ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार गुरूवार को रेलवे ट्रैक की निगरानी कर रहे ट्रैकमैन आशीष सिंह ने रांझी पुलिस को सूचना दी कि शोभापुर और सतपुला के मध्य एक महिला का शव ट्रैक पर पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा। शुरुआती जांच में यह पाया गया कि महिला किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गई थी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतिका लगभग 65 वर्ष की प्रतीत हो रही है। मौके पर मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों से पूछताछ की गई, लेकिन अब तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

# कलेक्टरों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**संभागायुक्त ने की जल गंगा अभियान सहित प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा**

**नवभारत,जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों के साथ शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' की प्रगति पर विशेष ध्यान देते हुए जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व और सामान्य प्रशासन से जुड़े लंबित मामलों, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति और विभागीय जांचों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने पर जोर दिया। मनरेगा के तहत लेबर बजट और अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग नियमित मॉनिटरिंग के साथ ठोस कार्ययोजना बनाकर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

### आवास निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण आवासों की जिलेवार समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत आवास निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। जल जीवन मिशन की योजनाओं को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए पर ड्रॉप मोर क्रॉप, सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन, कामधेनु योजना और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया गया। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन 2 .0 और अमृत 2 .0 के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## साढ़े आठ माह की गर्भवती होने के कारण पेन ड्राइव में पेश किये गये महिला के बयान

**जबलपुर।** घर में सामने रहने वाला युवक के द्वारा बेटी को जबरदस्ती बंधक बनाकर ने जाने के आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने हाईकोर्ट के बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस की तरफ से पेष की गयी स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया कि दोनों ने आर्य समाज मंदिर से विवाह कर लिया है। महिला साढे आठ माह की गर्भवती है,जिसके कारण यात्रा में उसके लिये जोखिम पूर्ण थी। पुलिस के द्वारा महिला के बयान की पेन ड्राइव हाईकोर्ट में पेष की गयी। महिला ने अपने बयान में कहा गया था कि बच्चे को जन्म देने के बाद वह अपने पैतृक घर जायेगी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने महिला के बयान को रिकॉर्ड में लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। सतना निवासी पिता की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसकी 22 वर्षीय बेटी 18 मार्च 2025 से लापता है। उसके लापता होने के दूसरे दिन गुमशुदगी कर रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई थी। घर के सामने रहने वाला युवक भी लापता है। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया था कि घर के सामने रहने वाला युवक उसकी बेटी को जबरदस्ती उसकी बेटी को अपने साथ लेकर गया है। पुलिस द्वारा 9 माह का समय गुजर जाने के बावजूद भी बेटी की तलाश नहीं कर पाने के कारण उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी है।

# छात्रावास में छात्राओं से दुर्व्यवहार पर उठी निष्पक्ष जांच की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** राइट टाउन स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और धमकी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद ने इस गंभीर मामले को छात्राओं की अस्मिता से जोड़ते हुए कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिषद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तेकाम ने बताया कि हाल ही में छात्रावास की सैकड़ों छात्राएं अधीक्षक के कथित दुर्व्यवहार और उनके चरित्र पर सवाल उठाने के विरोध में सहायक आयुक्त के पास शिकायत करने पहुंचीं। आरोप है कि वहां भी छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उनका आरोप है कि जांच के लिए पहुंची टीम ने भी छात्राओं पर मामले को दबाने का दबाव और शिकायत करने पर छात्रावास से निष्कासन की धमकी दी। परिषद ने आरोप लगाया कि जिले के अन्य छात्रावासों में भी अनियमितताएं हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि छात्राओं को न्याय नहीं मिला तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। साथ ही प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## दिव्यांगों के लिये प्रमोशन में आरक्षण के नियम क्यों नहीं बनाये गये

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि जब अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान हैं तो दिव्यांगों के लिए प्रमोशन में आरक्षण के नियम क्यों नहीं बनाए गये है पिछले नौ सालों से सरकार इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में राज्य सरकार को स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश दिये है। यह मामला जबलपुर निवासी सचिन कुमार यादव की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता समदर्शी तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 की धारा-34 के तहत पदोन्नति में आरक्षण दिया जाने का प्रावधान है। यह केन्द्र का अधिनियम है, इस पर प्रत्येक राज्य को नियम बनाने हैं।

# 31 मार्च तक बकाया टैक्स जमा करने पर मिलेगी भारी छूट : निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के विकास में सहभागी बनने और अपने बकाया करों के बोझ को कम करने के लिए शासन के निर्देशानुसार नगर निगम ने करदाताओं को एक विशेष अवसर प्रदान किया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा बैठक करते हुए यह स्पष्ट किया है कि जो करदाता 31 मार्च तक अपने बकाया करों का भुगतान करेंगे, उन्हें नियमानुसार विशेष छूट का लाभ दिया जाएगा।

राजस्व विभाग की बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अब केवल 5 दिन शेष बचे हैं, अतः अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना जल्द से जल्द अपने करों का भुगतान कर इस वित्तीय छूट का लाभ उठाएं।

### विकास की गति और 'पीएम स्वनिधि' पर जोर

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने न केवल राजस्व वसूली पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि लोक कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में सभी संभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले निर्धारित टारगेट को पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, साथ ही निगमायुक्त ने 'पीएम स्वनिधि योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए, ताकि शहर के छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव, अंजू सिंह, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा के साथ सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सफलता | पुलिस ने निकाला चोरों का जुलूस, सरेराह कान पकड़कर बोले, अपराध करना पाप है

# शातिर चोर गिरफ्तार, उगली आधा दर्जन से अधिक चोरियां



**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत अर्नव विहार में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए पांच लाख के जेवरात पार कर करने वाले तीन शातिर चोरों को तिलवारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिन्होंने पूछताछ में शहर के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया है। शातिर चोरों को जब पुलिस अर्नव विहार कॉलोनी में लेकर पहुंची, तो नजारा देखने लायक था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों का उसी कॉलोनी की गलियों में पैदल जुलूस निकाला जहां उन्होंने चोरी की थी। जुलूस के दौरान पुलिस की सख्ती के बीच आरोपी अपने कान पकड़कर चलते नजर आए। वे बार-बार दोहरा रहे थे कि अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है। सरेराह तमाशा बनते देख चोरों की हेकड़ी पूरी तरह निकल चुकी थी। वे कॉलोनी वासियों के सामने हाथ जोड़कर भविष्य में दोबारा कभी अपराध न करने की कसमें भी खा रहे थे।

थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि राहुल मिश्रा (34) अर्नव विहार स्थित प्लॉट नंबर 40 में रहते हैं। राहुल 20 मार्च को अपने परिवार के साथ ऑफिस के काम से घर में ताला लगाकर सिंगरौली गए थे। चोरों ने मुख्य दरवाजे का लॉक तोड़कर अलमारी में रखे राहुल और उनकी पत्नी के सोने-चांदी के जेवरात कीमत 4 से 5 लाख रुपये पार कर दिए थे। घटनास्थल और उसके आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ पुराने अपराधों के तरीका-ए-वारदात का सूक्ष्म विश्लेषण किया। अन्य थानों में हुई चोरी की घटनाओं से कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने सूरज उर्फ दाऊ उर्फ डऊआ गौंड (19) निवासी सहजपुर, भेड़ाघाट, विजय उर्फ नाटी (22) निवासी शारदा चौक, गढ़ा, लखनलाल उर्फ साहिल पटैल (18) निवासी दलपतपुर, भेड़ाघाट को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।




# कामगार यूनियन करेगा प्रदर्शन

**जबलपुर, नवभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया में कामगार यूनियन द्वारा आयुध निदेशालय, समन्वय एवं सेवाएं, कोलकाता बोर्ड के विरुद्ध 5 दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि चार्जमैन पदोन्नति से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित रहने के कारण वर्ष 2024 से पदोन्नति प्रक्रिया बाधित थी। किंतु गत सितम्बर 25 में न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश जारी किए जाने के बावजूद डीओओ एंड सीएस, कोलकाता द्वारा मामले को अनावश्यक रूप से लंबित रखते हुए कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं की जा रही है। पूर्व में हाई स्किल्ड से चार्जमैन पदोन्नति के नियम लागू थे, जबकि न्यायालय के आदेश के पश्चात अब एमसीएम से चार्जमैन पदोन्नति किया जाना निर्धारित है। कामगार यूनियन के प्रतिनिधियो में रूपेश पाठक, राजेंद्र चराडिया अमित चौबे , प्रेम लाल सेन, संजय प्रधान, सतिन शर्मा, अरुण मिश्रा, पंकज मिश्रा, दीपक सैनी, अमित सैनी, कृष्ण कुमार शर्मा एवं आदि ने सभी कर्मचारियों से आंदोलन को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की है।